24 घंटे 365 दिन
खुलासा फर्स्ट
पक्का इंदौरी अखबार
epaper.khulasafirst.com
18 Apr 2023 - Page 7

भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का किया मंचन

खुलासा फर्स्ट... इंदौर। भगवान व्यक्ति के कर्मों से ही पसंद होते हैं, पुराणों की कथा प्रतिदिन सुनना चाहिए मन संयमित होता है। कथा सुनने से विश्वास होता है कि हमें जीवन में बुरा कर्म नहीं करना चाहिए, गलत रास्ते पर नहीं जाना, वाणी मीठी होनी चाहिए, जो व्यक्ति हनुमानजी का भजन स्मरण करता है उसके सारे संकट दूर हो जाते हैं। जीवन में मनुष्य उच्च पद पर प्रतिष्ठित हो जाए तो उसे कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। यह बातें ब्रज रत्न वंदना श्रीजी ने रसोमा चौराहा स्थित आनंदम क्लब एंड रिसॉर्ट में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठवे दिन कही।

आयोजन प्रमुख गणेश गोयल और राज दीक्षित ने बताया कि कथा में सैकड़ों महिलाओं ने भजनों पर नृत्य किया, सभी भक्तों ने कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लिया। 65 से अधिक कलाकारों ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। कथा में वंदना श्री जी ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। कथा में भगवान की लीलाओं का कलाकारों ने मनमोहक नाट्य मंचन भी किया। व्यासपीठ का पूजन अर्चन और आरती विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य जीतू यादव, वीरेंद्र व्यास, गणेश गोयल, पार्षद मनोज मिश्रा,राज दीक्षित,चंदू कुंजीर, बालमुकुंद सोनी, कालू गगोरे ने किया।